an>

Title: Need to ensure payment of arrears of salaries of retired employees of Heavy Engineering Corporation Limited, Ranchi, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : मैं अपने लोक सभा क्षेत्र रांची के अंतर्गत हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एच.ई.सी.एल.) धुर्वा, रांची झारखंड के बारे में सूचित करना चाहता हूं कि पिछले कई वर्षों से एच.आई.सी.एल. में सेनानिवृत्त कर्मियों के 01.07.1997 से 17.01.2008 तक के पुनरीक्षण एरियर भुगतान आदि अन्य भत्ता नहीं मिला है। कुछ सेवानिवृत्त कर्मी अपनी चिकित्सा, रुपए के अभाव में सही इलाज नहीं करा पा रहे हैं। बहुत-से तो ऐसे सेवानिवृत्त कर्मी हैं जो पैसे के अभाव में चिकित्सा नहीं करवा सके और उनकी मृत्यु हो चुकी है। एच.ई.सी.एल. के प्रबंधन और एच.ई.सी.एल. सेवानिवृत्त संघ के बीच जो पुनरीक्षण एरियर भुगतान करने के संबंध में जो एग्रीमेन्ट किया गया है उसका पालन करना चाहिए। इस संबंध में कई बार माननीय भारी उद्योग मंत्री जी को पत्र लिख चुका हूं। उपरोक्त पुनरीक्षण एरियर का भुगतान नहीं हुआ है जिससे लोगों में आक्रोश एवं गुस्सा है।

अतः माननीय भारी उद्योग मंत्री से मेरा आग्रह है कि एच.ई.सी.एल. कंपनी धुर्वा, रांची के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 01.07.1997 से 17.01.2008 तक वेतन पुनरीक्षण एरियर भुगतान यथाशीघ्र दिलवाने की कृपा करें।